जैव विविधता प्रबंध समितियों का राज्यस्तरीय सम्मेलन कल

बिहारशरीफ, कार्यालय संवाददाता। जैव विविधता प्रबंध समितियों के सदस्यों का राज्यस्तरीय सम्मेलन 25 जून को होगा। इसमें समितियों के सदस्य वीडियो कांफ्रेंसिंग से आपस में जुड़ेंगे। डीएफओ राजकुमार एम. ने बताया कि सूबे की 8,058 ग्राम पंचायत, 534 प्रखंड व 38 जिला व 35 नगर निकायों में जैव विविधता प्रबंध समितियां पहले गठित हैं।

सम्मेलन की अध्यक्षता पर्यावरण, वं एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार करेंगे। सम्मेलन में सभी जिलों के पंचायत राज पदाधिकारी के अलावा वन संरक्षक, वरीय वन अधिकारी व बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के अध्यक्ष, सचिव व अन्य अधिकारी भी शामिल होंगे।

- वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़ेंगे सभी समितियों के सदस्य

डीएफओ ने बताया कि जैव विविधता की भूमिका प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण को विकास प्रक्रियाओं के साथ संतुलन करने में महत्वपूर्ण है। हर पंचायत में जन जैव विविधता पंजी का संधारण किया जाता है। इनमें पेड़-पौधे, जड़ी-बूटी, घांस, कृषि उत्पाद, बागवानी, पशु व अन्य जलीय उत्पादन और प्राकृतिक वन क्षेत्रों का ब्योरा रहता है। जैव विविधता क्षेत्र के रूप में बिहारशरीफ के हिरण्य पर्वत का चुनाव जिला वन कार्यालय ने किया है। ऐसे में यह स्ममेलन नालंदा के लिए खास बन जाता है।